भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1794
(02 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)

पीएमजीएसवाई के अंतर्गत सड़कों की स्थिति

1794. श्री केसिनेनी श्रीनिवासः
श्री बल्ली दुर्गा प्रसाद रॉवः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत निर्मित सड़कों का लंबाई सहित ब्यौरा क्या है;
(ख) गत चार वर्षों के दौरान सड़कों के प्रत्येक घटक और उनके पूरा होने की स्थिति के लिए कितनी निधियां स्वीकृत और जारी की गई हैं;
(ग) आगामी परियोजनाओं के लिए राज्य में योजनाबद्ध/स्वीकृत/विचाराधीन सड़कों का ब्यौरा क्या है; और
(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क): उपलब्ध सूचना के अनुसार, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) की शुरूआत से लेकर दिनांक 26.06.2019 तक देश भर में 6,00,941 कि.मी. लंबाई वाली कुल 1,49,682 सड़कों का निर्माण किया गया है।

(ख): पिछले चार वर्षों के दौरान राज्यों के लिए स्वीकृत और रिलीज की गई निधियों तथा पूर्ण की गई सड़क लंबाई निम्नानुसार है:-

वर्ष	स्वीकृत (रु. करोड़ में)	रिलीज की गई निधियां (रु. करोड़ में)	पूर्ण की गई सड़क लंबाई (कि.मी. में)
2015-16	15,186.71	15,186.71	36,449
2016-17	17,584.49	16,507.85	47,446
2017-18	15650.29	15650.29	48,715
2018-19	1,5365.19	1,5365.19	49,038

(ग) और (घ): पीएमजीएसवाई-। के अंतर्गत 6,47,646 कि.मी. लंबाई वाले सभी सड़क कार्यों को स्वीकृत कर दिया गया है। पीएमजीएसवाई-।। के अंतर्गत लक्षित 50,000 कि.मी. की सड़क लंबाई में से 41,127 कि.मी. सड़क लंबाई को पहले ही 18 राज्यों को स्वीकृत कर दिया गया है। इसके अलावा, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों (आरसीपीएलडब्ल्यूईए) के लिए सड़क संपर्क परियोजना के अंतर्गत, जो सुरक्षा दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण 9 राज्यों के 44 जिलों में सड़क संपर्कता प्रदान करने के लिए पीएमजीएसवाई के अंतर्गत एक पृथक योजना है, के लिए 5,066 कि.मी. सड़क लंबाई की स्वीकृति दी गई है। पीएमजीएसवाई-।। और आरसीपीएलडब्ल्यूईए (बैच-।।) के अंतर्गत अनुमोदन के लिए योजनाबद्ध/विचारार्थ आगामी सड़क परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

पीएमजीएसवाई-II

राज्य	सड़क लंबाई (कि.मी. में)
अरुणाचल प्रदेश	550
असम	1730
बिहार	2465
हिमाचल प्रदेश	1250
जम्मू और कश्मीर	780
मणिपुर	325
मिजोरम	195
नागालैंड	225
त्रिपुरा	310
उत्तराखंड	915
संघ राज्य क्षेत्र	250

<u>□ रसी□ीएलडब्ल्यूईए(बैच-II)</u>

राज्य	**सड़क लंबाई (कि.मी. में)**
आंध्र प्रदेश	948
बिहार	852
छत्तीसगढ़	1707
झारखंड	781
महाराष्ट्र	556
ओडिशा	271
तेलंगाना	617
मध्य प्रदेश	30
उत्तर प्रदेश	281

***